अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 31.10.2026 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा के सम्बन्ध में आहूत बैठक की कार्यवृत्त।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक- 31.10.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM) की बैठक जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे-

क्र0सं0	अधिकारी/कर्मचारी का नाम	पदनाम	विभाग का नाम
1	श्री ज्ञानेन्द्र सिंह	जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन	प्रशासनिक विभाग
2	श्री आलोक कुमार	मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य	प्रशासनिक विभाग
3	श्री आनन्द प्रकाश	जिला विकास अधिकारी/सदस्य	ग्राम्य विकास विभाग
4	श्री राजित राम गुप्ता	अपर जिलाधिकारी	नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग
5	श्री प्रमोद कुमार वर्मा	अधिशासी अभियन्ता	उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
6	श्री अनुज कुमार	एस0 डी0 एफ0 ओ0	वन विभाग-बलिया
7	श्री अवनीश कुमार श्रीवास्तव	जिला पंचायती राज अधिकारी	पंचायती राज विभाग
8	श्री डी0 पी0 सिंह	जिला कृषि अधिकारी	कृषि विभाग
9	श्री केशरी प्रसाद	अधिशासी अभियन्ता	लोक निर्माण विभाग
10	श्री अंजनी स्वर्णकार	सहायक अभियन्ता	लघु डाल खण्ड सिंचाई विभाग गाजीपुर
11	श्री सुरेन्द्र सिंह	सहायक अभियन्ता	लोक निर्माण विभाग
12	श्री सर्वेश यादव	सहायक अभियन्ता	उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
13	श्री रामानुज सिंह	जिला समन्वयक	जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई
14	मो0 हसनैन	परियोजना प्रबन्धक	मेसर्स इगल इन्फ्रा प्रा0लि0
15	श्री रघु	परियोजना प्रबन्धक	मेसर्स लार्सेन एण्ड टुब्रो
16	श्री मयंक माथुर	परियोजना प्रबन्धक	मेसर्स गाजा, जी0आई0पी0एल0(जे0वी0)
17	श्री विनीत कुमार उपाध्याय	सहायक अभियन्ता	उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), बलिया
17	श्री प्रवेश सिंह	सहायक अभियन्ता	उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), बलिया



बैठक के दौरान JJM Dashboard पर उपलब्ध विभिन्न बिन्दुओं एवं आंकड़ों का जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत एवं गहन समीक्षा की गई , जो निम्नवत् है-

Table No-1: Jal Nigam Under Construction (UC) Scheme Progres

Schemes	Villages	< 50% Physical Progress	51-75% Physical Progress	> 75% Physical Progress	Financially Completed Scheme
1	2	3	4	5	6
30	66	10	9	11	0

Table No.-1 में निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष , जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता , उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि जिन पेयजल योजनाओं की प्रगति 75 प्रतिशत से अधिक है उन्हें माह नवम्बर, 2026 तक एवं शेष पेयजल योजनाओं को माह दिसम्बर , 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Table No-1A: Jal Nigam Operation and Maintenance Scheme Progres

Total Schemes	Total Villages	RWS Village Status		
		Fully Functional	Partially Functional	Non Functional
1	2	3	4	5
190	363	48	295	20

Table No.-1A के अंतर्गत संचालन एवं अनुरक्षण (Operation Maintenance) के अधीन संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा फर्म मेसर्स इगल इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि संचालन एवं अनुरक्षण मद में स्वीकृत कार्यों को अधिकतम 03 माह में पूर्ण कराते हुये योजनाबद्ध तरीके से Partial Functional को Fully Functional एवं Non Functional को Partial Functional में शिफ्ट कराना सुनिश्चित करें।

Table 1B- Jal Nigam Retrofit Scheme Progress

Total No of Schemes	Total No of Village	No of Physically Completed Scheme	Total No of Village Physically Completed	No of Financially Completed Scheme	Total No of Village Financially Completed	No of Physicaly Not Completed /WIP Schemes	Total No of Village Not Completed /WIP	No of Financialy Not Completed /WIP Schemes	Total No of Village financialy Not Completed /WIP
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
69	65	69	65	32	32	0	0	37	33

Tabie No.-1B में जल निगम की रेट्रोफिट योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता , उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि 69 नग पेयजल योजनायें जो भौतिक रूप से पूर्ण है उन्हें वित्तीय रूप से 01 माह के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

Table 2 Physical Progress Phase wise

Sno	Agency Name	Total Schemes	Total Villages	RWS Villages		Work Completed		Work In Progress			Villages in O&M but not RWS	OHT	
				Total RWS Villages	100% 90% to 99% < 90%	O&M Schemes Villages	Trail Run Schemes Villages	Schemes Villages	Direct Pumping Schemes Villages	No RWS Schemes Villages		Required OHT	Completed OHT
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	[JJM] Larsen & Toubro Ltd	1	754	0	0 0 0	0 0	0 0	1 754	0 0	1 754	0	151	33
2	[JJM] GAJA - GAIPL JV	1	566	0	0 0 0	0 0	0 0	1 566	0 0	1 566	0	110	34
3	[JJM] Eagle Infra- Sudhakara Infra JV	1	300	0	0 0 0	0 0	0 0	1 300	0 0	1 300	0	51	39
4	[Jal Nigma] Eagle Infra India Ltd	190	363	343	48 0 295	0 190 363	0 0	0 0	0 0	0 0	0	0	0
			19		48	0	0	3 162	0	3			

Total	193	83	343	0 295	190 363	0	0	0	1620	0	312	106

Table No.-2 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत Phase 4 योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं सम्बन्धित फर्मों को निर्देशित किया गया कि-

1. बेलहरी सतही आधारित ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगतिः-

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं० 06/ED/Phase-04/2023-24 दिनाक 15.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स EIIL SIPL(IV) द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः प्रस्तावित कार्यों इण्टेक वेल, डब्ल्यू०टी०पी०, सी०डब्ल्यू०आर०, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली आदि की प्रगति स्थिति निम्नवत है-

इण्टेक वेल-

योजना के इन्टेक वेल के निर्माण का कार्य 78 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिंकिंग एवं एप्रोच ब्रिज का कार्य पूर्ण है शेष कार्य प्रगति पर है।

डब्ल्यू०टी०पी०-

योजना के डब्ल्यू०टी०पी० के निर्माण का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिविल कार्य एवं मैकेनिकल के कार्य पूर्ण है। साइट डवलेप्मेंट का कार्य प्रगति पर है।

फर्म द्वारा डब्ल्यू०टी०पी० टेस्टिंग का कार्य पूर्ण है।

सी०डब्ल्यू०आर०-

योजना के 04 नग सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण है।

अवर जलाशय-

योजना अन्तर्गत 51 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील सदर, बैरिया एवं बांसडीह के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है।
योजना अन्तर्गत 39 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है। शेष 12 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है।

वितरण प्रणालीः-

योजना अन्तर्गत प्रस्तावित राइजिंग मेन 521 किमी0 में से 518 कि०मी० का कार्य पूर्ण है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजना अन्तर्गत प्रस्तावित वितरण प्रणाली, 2535 किमी0 में से 2465 कि०मी० का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है। योजना अंतर्गत बिछायी गयी वितरण प्रणाली से 948 कि०मी० विभिन्न मुख्य एवं ग्राम के आन्तिरिक मार्ग क्षतिग्रस्त हुये है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 919 कि०मी० स्थायी मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाना सूचित किया गया है। जिसके ग्रामवार सत्यापन की कार्यवाही करायी जा रही है।

2. हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगतिः-

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं0 01/ED/Phase-04/2023-24

दिनांक 14.07.2023 अन्तर्गत्त फर्म मेसर्स एल0 एंड टी0 द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः प्रस्तावित कार्यों इण्टेक वेल, डब्ल्यू०टी०पी०, सी०डब्ल्यू०आर०, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली आदि की प्रगति स्थिति निम्नवत हैः-

इण्टेक वेलः-

योजना के इन्टेक वेल के निर्माण का कार्य 63 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिकिंग का कार्य पूर्ण है एवं एप्रोच ब्रिज का कार्य गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण बाधित है।

डब्ल्यू०टी०पी०-

योजना के डब्ल्यू०टी०पी० के निर्माण का कार्य 56 प्रतिशत पूर्ण है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजनान्तर्गत निर्माणाधीन डब्ल्यू०टी०पी० में प्रस्तावित फिल्टरवेड, पम्प हाउस एवं सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण हेतु ग्राम कटरिया में गाटा सं० 314 एवं 315 की भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है तथा पम्प हाउस एवं सी०डब्ल्यू०आर का कार्य प्रगति पर है।

सी०डब्ल्यू०आर०-

योजना में 04 नग सी०डब्ल्यू०आर० का निर्माण कार्य तहसील रसडा के ग्राम हिंगुवाडीह , तहसील सदर के ग्राम करनई, ग्राम सुखपुरा एंव ग्राम शेर में कराया जा रहा है।
योजना के 04 नग सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिविल कार्य पूर्ण है एवं मैकेनिकल के कार्य प्रगति पर है एवं 01 नग सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण का कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण है।

अवर जलाशयः-

योजना अन्तर्गत 151 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील बांसडीह , सदर एवं रसडा के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है। योजना अन्तर्गत 33 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है। शेष 05 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 39 नग अवर जलाशय की प्रगति 25 से 50 प्रतिशत, 37 नग अवर जलाशय की प्रगति 50 से 75 प्रतिशत, एवं 36 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। शेष कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा 01 नग अवर जलाशयों पर कार्य Water Logging के कारण प्रारम्भ कराया जाना शेष है।

वितरण प्रणाली-

योजना अन्तर्गत प्रस्तावित राइजिंग मेन 748 किमी से 349 किमी का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।
योजना अन्तर्गत प्रस्तावित वितरण प्रणाली 4781 किमी में से 2830 किमी का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।योजना अन्तर्गत बिछायी गयी वितरण प्रणाली से 885 किमी० विभिन्न मुख्य एवं ग्राम के आन्तिरिक मार्ग क्षतिग्रस्त हुये है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 872 किमी स्थायी मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाना सूचित किया गया है। जिसके ग्रामवार सत्यापन की कार्यवाही करायी जा रही है।

3. मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगतिः-

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं० 11/ED/Phase-04/2023-24 दिनांक 19.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स GAJA&GAINFRA (JV) द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः प्रस्तावित कार्यों इण्टेक वेल, डब्ल्यू०टी०पी० सी० डब्ल्यू०आर० अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली आदि की प्रगति स्थिति निम्नवत है-

इंटेक वेल-

योजना के इन्टेक वेल के निर्माण का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें इन्टेक वेल के पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है।

डब्ल्यू०टी०पी०-

योजना की डब्ल्यू०टी०पी० के निर्माण का कार्य 81 प्रतिशत पूर्ण है। शेष कार्य प्रगति पर है।

सी०डब्ल्यू०आर०-

योजना में 03 नग सी०डब्ल्यू०आर० का निर्माण कार्य तहसील सिकन्दरपुर के ग्राम जमालपुर , ग्राम गौरा मदनपुरा एवं तहसील रसडा के ग्राम गौरीतार में कराया जाना प्रस्तावित है।
योजना के 03 नग सीडब्ल्यू०आर० के निर्माण में 03 नग सी०डब्ल्यू०आर० का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिविल कार्य पूर्ण है एवं मैकेनिकल के कार्य प्रगति पर है।

अवर जलाशयः-

योजना अन्तर्गत 110 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील सिकन्दरपुर बांसडीह , बेल्थरा रोड एवं रसडा के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है। योजना अन्तर्गत 34 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है। शेष 05 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 29 नग अवर जलाशय की प्रगति 25 से 50 प्रतिशत, 24 नग अवर जलाशय की प्रगति 50 से 75 प्रतिशत एवं 18 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। शेष कार्य प्रगति पर है।

वितरण प्रणाली-

योजना अन्तर्गत प्रस्तावित राइजिंग मेन 758 किमी० में से 636 कि०मी० का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है। योजना अन्तर्गत प्रस्तावित वितरण प्रणाली 4477 किमी० में से 3752 कि०मी० का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है। योजना अन्तर्गत बिछायी गयी वितरण प्रणाली से 753 कि०मी० विभिन्न मुख्य एवं ग्राम के आंतरिक मार्ग क्षतिग्रस्त हुये है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 723 कि०मी० स्थायी मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाना सूचित किया गया है। जिसके ग्रामवार सत्यापन की कार्यवाही करायी जा रही है।

Table 4 Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration

SNo.	Agency Name	Villages	Certification	Jal Arpan		Jal Aklan	100% Road Restoration Villages
				Panchayat	Village		
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Larsen & Toubro Ltd(JJM)	754	54	0	0	62	14
2	GAJA - GAIPL JV(JJM)	566	15	0	0	15	10
3	Eagle Infra-Sudhakara Infra JV(JJM)	300	26	0	0	26	14
4	Eagle Infra India Ltd(Jal Nigam)	363	156	0	0	160	0
Total		1983	251	0	0	263	38

Table No.-4 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/ Road Restoration वाले ग्रामों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियन्ता , उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में 100 प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है एवं हर घर

जल रिर्पोटेड की श्रेणी में है, उनका साप्ताहिक प्लान बनाते हुए जल अर्पण कराकर हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।

Table 4A RPWSS Village Details

SNo.	Total No of Villages	No of Villages Where RPWSS Finalized	No of Villages Where RPWSS in Draft	No of Village RPWSS not Started	Finalized(%)
1	2	3	4	5	6
1	1832	1831	0	1	99.95%

Table No.- 4A में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल आपूर्ति योजनाओं Sujal Gaon ID/RPWSS ID का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

Table 5 Components Wise Physical Progress

Sr.No.	Components	Physical Progress		
		Target	Achivement	%
1	2	3	4	5
4	ओवरहेड टैंक (OHT)	312	311/106	99.68
5	पाइपलाइन बिछाने का कार्य (कि. मी .)	13820	10600	76.70
7	घरेलू नल कनेक्शन (FHTC)	438202	146233	33.37
9	सड़क मरम्मत का कार्य (KM)	2586	2514	97.22
10	वे गाँव जहाँ 100% सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका है।	1620	38	2.35

Table No.-5 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत योजना के विभिन्न घटकों की भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा सम्बन्धित फर्मो को निर्देशित किया गया कि अपने से सम्बन्धित समस्त शिरोपरि जलाशयों की व्यक्तिगत रूप से जांच कर लें यदि निरीक्षण के दौरान कोई कमियाँ परिलक्षित होती है तो तत्काल निराकरण कराये। उक्त के साथ-साथ निर्मित/निर्माणाधीन समस्त पेयजल योजनाओं के शिरोपरि जलाशय का Structure Audit किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कराते हुए Safety Certificate अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित फर्मों को दिये गये।

Table 6 Unified Command and Control System (UCCS)-Automation

SNo.	Agency Name	Total			O&M		
		Scheme	Integrated	Live	Scheme	Integrated	Live
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Larsen & Toubro Ltd	1			0		
2	Eagle Infra- Sudhakara Infra JV	1			0		
3	GAJA - GAIPL JV	1			0		
Total		3			0		

	Jal Nigam	190	0	0	0	0	0
Total		193			0		

Table No.-6 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत योजना के अन्तर्गत लगाए गए Unified Command and Control System (UCCS)- Automation की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा बैठक में उपस्थित सम्बधित फर्म/सहायक अभियन्ता, विद्युत यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बलिया को निर्देशित किया गया कि-

1. जो पेयजल योजनायें ओ0एण्ड एम0 में है किन्तु Integrated नहीं है, उन्हें Integrated कराना सुनिश्चित करें।

Table 7 Grievance Redressal System

SNo.	**Agency Name**	**Total Complaint**			**O&M Complaint**		
		Total	**Close**	**Pending**	**Total**	**Close**	**Pending**
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**
1	**Larsen & Toubro Ltd**	369	360	9			0
2	**GAJA - GAIPL JV**	257	253	4			0
3	**Eagle Infra- Sudhakara Infra JV**	149	145	4			0
4	**Eagle Infra India Ltd(Jal Nigam)**	326	315	11	27	26	1
Total		1101	1073	28	27	26	1

Table No.-7 में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि लम्बित 29 शिकायतों का समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

Table No.-8 भारत सरकार द्वारा निर्धारित, प्रदेश के Arsenic/Fluoride/J.E/AES प्रभावित क्षेत्रों का विवरण

Sno	Description	Total Villages	Completed Villages	Work In Progress Villages	Completed(%)
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**
1	Arsenic	262	129	133	49
2	Fluoride	2	1	1	50

Table No.-8 में आर्सेनिक/फ्लोराइड/जेई/एई प्रभावित ग्रामों में पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि फ्लोराइड से प्रभावित ग्रामों में कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करायें।

<u>अन्य बिन्दु-</u>

1. सतही स्रोत योजनाओं में एवं पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन योजनाओं विद्युत विभाग के कार्यों की स्थितिः-

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियंता उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सतही स्रोत आधारित 03 नग निर्माणाधीन योजनाओं में 15 नग विद्युत संयोजन की धनराशि सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड को माह मई 2024 में प्रेषित किये जाने के उपरान्त 08 नग योजनाओं पर विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण, 06 नग योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है एवं 01 नग योजनाओं पर विद्युत संयोजन का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। उक्त के अतिरिक्त लगभग 9

स्थलों पर लाइन शिफ्टिंग के सापेक्ष 8 स्थलों पर शिफ्टिंग की धनराशि सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड को पूर्व मे प्रेषित किये जाने के उपरान्त 07 नग लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण है 01 नग लाइन शिफ्टिंग का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा 01 नग लाइन शिफ्टिंग का आगणन अप्राप्त है।

2. योजनाओं अन्तर्गत कराये जा रहे वितरण प्रणाली के कार्यों में क्षतिग्रस्त रोड एवं मरम्मत की स्थितिः-

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत कार्यदायी फर्मो द्वारा आवंटित ग्रामों में विभिन्न साइजों की वितरण प्रणाली का कार्य कराया जा रहा है। जो कार्यस्थल की आवश्यकता के अनुसार पक्की सड़क (सी०सी०/खड़जा/बिटूमिन/टाइल्स) अथवा कच्ची पटरी पर बिछायी जा रही है। उक्त के पुनर्स्थापन का कार्य सम्बंधित कार्ययदायी फर्म द्वारा स्वयं कराया जा रहा है। फर्म द्वारा लो०नि० विभाग की विभिन्न सड़को पर चैड़ीकरण/विस्तारीकरण के कारण उक्त मार्गों पर पाइप लाइन नहीं डालने दिया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः रसड़ा-कासिमाबाद मार्ग, नगरा बेल्थरा मार्ग, सहतवार-छाता मार्ग, करम्मर-सुखपुरा आदि मार्ग सम्मलित है।

निष्कर्ष एवं निर्देश-

बैंठक में तीनों योजनाओं की अद्यतन प्रगति के सापेक्ष तीनों एजेन्सियों के परियोजना प्रबन्धक एवं अन्य योजनाओं पर आ रहे अवरोधों से सम्बन्धित अधिकारियों को निम्नानुसार निर्देशित किया गयाः-

1.हनुमानगंज पेयजल योजना के संबंध मे अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) , द्वारा अवगत कराये जाने के क्रम में अधिशासी अभियन्ता, पी0डब्ल्यू0डी0 एवं उनके अधिनस्थ सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर एवं सम्बन्धित खण्डों के अन्तर्गत विछाये जाने वाली पाइप लाइन के सम्बन्ध में बैठक हेतु निर्देशित किया गया।

कार्यवाहीः- (अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण), अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय एवं निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 बलिया)

2.अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश पेयजल योजना एच0टी0 लाइन शिफ्ट न किये जाने के कारण बाधित एवं अवरोधित है। जिसमें विद्युत विभाग द्वारा प्रेषित किये गये आगणन के सापेक्ष भुगतान जल निगम द्वारा विगत 18 माह पूर्व ही किया जा चुका है। एच0टी0 लाइन शिफ्टिंग के अधिकांश प्रकरण विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय से सम्बन्धित है।
उक्त प्रकरण में निर्देश दिये जाते हैं कि विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय अविलम्ब एच 0टी0 लाइन शिफ्ट कराया जाना सुनिश्चित करें।
कार्यवाहीः- (अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग बलिया , अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण),अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड , प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ, बलिया)

3.अधिशासी अभियन्ता जल निगम के द्वारा अवगत कराये जाने के क्रम में हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय राज मार्ग-31 एवं 128 बी पर प्रस्तावित रा-वाटर राइजिंग मेंन पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है कि अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग बलिया, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण एवं परियोजना निदेशक, पी0आई0यू0,गाजीपुर अधिनस्थ सम्बन्धित सहायक अभियन्ता , जूनियर

इंजीनियर के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुये रा-वाटर राइजिंग मेंन बिछाये जाने हेतु अपनी संयुक्त समाधानित रिपोर्ट प्रस्तुत करें।
कार्यवाहीः- (अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग बलिया , अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), बलिया, परियोजना निदेशक, पी0आई0यू0,गाजीपुर)।

4.अधिशासी अभियन्ता जल निगम के द्वारा अवगत कराये जाने के क्रम योजनाओं अन्तर्गत कराये जा रहे वितरण प्रणाली के कार्यों से प्रभावित ऐसे ग्राम जिनमें रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है की सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया।
कार्यवाहीः- (अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) , बलिया, सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक)।

5- साप्ताहिक समीक्षा एवं दैनिक manpower ट्रैकिंग: योजनाओं की प्रगति की निरंतर निगरानी के लिए प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें घटक-वार Manpower के सापेक्ष दैनिक लक्ष्यों (Daily Targets) की कड़ाई से चेकिंग।

(अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग बलिया /अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), बलिया, सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक)।

6- बेलहरी पेयजल योजना का प्लान बनाकर कार्यों को पूर्ण कराया जाए तथा समस्त आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, स्कूल, आयुष्मान केंद्र एवं मंदिर पर कनेक्शन देकर योजना को दिसम्बर 2026 तक चालू किया जाए, साथ ही योजना चालू होने के उपरान्त इसकी एक वीडियो क्लिप भी तैयार करना सुनिश्चित करें जिसमें डब्लू०टी०पी० (WTP), इनटेक (Intake) और गाँव को सम्मिलित किया गया हो।

(अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) , बलिया, /डी0सी0 डी0पी0एम0यू0, बलिया)।

बैठक के अन्त में जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं यथा- आई०एस०ए०, टी०पी०आई०, डी०पी०एम०पू० एवं अन्य विभागों को उनके द्वारा कराये जाने वाले कार्यों को दिये गये निर्देशों के अनुसार निष्पादित कराने के निर्देश दिये।
बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(**ज्ञानेन्द्र सिंह**)

जिलाधिकारी,
बलिया।

पत्रांकः / / दिनांकः

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3- मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4- मुख्य अभियन्ता, (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
5- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़ ।
6- अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, बलिया।
7- जिला विकास अधिकारी, बलिया।
8- प्रभागीय वनाधिकारी, बलिया।
9- जिला मुख्य चिकित्साधिकारी, बलिया।
10- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलिया।
11- अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सिंचाई विभाग, बलिया।

12- अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, बलिया।
13- जिला कृषि अधिकारी, बलिया।
14- हाइड्रोलॉजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग, बलिया।
15- जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, बलिया।
16- जिला पंचायत राज अधिकारी, बलिया।
17- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ, बलिया। ।
18- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र।
19- सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, बलिया।
20- समस्त खण्ड विकास अधिकारी, बलिया।
21- सहायक विकास अधिकारी (तकनीकी), पंचायतीराज, बलिया।
22- जिला समन्वयक, जिला परियोजना निगरानी इकाई, बलिया।
23- डी0पी0एम0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0 (टी0पी0आई0ए0-कटस्ट्रक्शन एवं ओ0एण्ड एम0), बलिया।
24- सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक।

Digitally signed by
GYANENDRA SINGH
Date: 12-11-2026
18:13:10

जिलाधिकारी ,

बलिया।